तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 31 अगस्त 2024

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



12 बच्चों को खिलाई गई एलबेंडाजोल की गोली



11 जिला प्रशासन व राजस्व अमले ने 17 लोगों का ...




## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल डीपीओ राठौर की इलाज के दौरान मौत



**बालोद।** जिले मे पूर्व मे पदस्थ रहे जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी हरिकीर्तन राठौर सड़क हादसे में घायल हुए थे। रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। तीन दिनों पहले ही जिले के नेशनल हाईवे –30 में पुरुर थाना क्षेत्र के मरकाटोला घाट के पास तेज रफ्तार यात्री बस ओवरटेक करने के दौरान एक ट्रक से टकरा गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए थे। इस हादसे में जिले के तत्कालीन महिला एवं बाल विकास अधिकारी हरिकीर्तन राठौर भीगम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार मृतक हरिकीर्तन राठौर की पसली कई जगहों से टूट गई थी। रायपुर के निजी अस्पताल में शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। हरिकीर्तन राठौर वर्तमान में कांकेर जिले मे जिला महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी के पद पर पदस्थ थे।

### डेंगू व जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय करने हुई बैठक



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में डेंगू एवं अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज बीएसपी अस्पताल दल्लीराजहरा में डेंगू के नियंत्रण हेतु अन्तरविभागीय समन्वय एवं स्थानीय शासकीय, निजी चिकित्सालय के संचालक चिकित्सकों तथा पैथोलॉजी केंद्र के संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेंगू मरीजों के प्रबंधन जांच एवं इसके रोकथाम के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में डेंगू के रोकथाम के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने हेतु बीएसपी प्रबंधन नगर पालिका परिषद और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच सहयोग एवं समन्वय स्थापित कर लार्वा नाशी दवा छिड़काव, फागिंग के साथ साथ घर–घर सर्वेक्षण करते हुए स्त्रेत नियंत्रण अन्तर्गत कूलरों की गमलो टूटे–फूटे पात्रें आदि की सफाई आदि के संबंध में कार्ययोजना तैयार की गई।

### चारभाटा मुक्तिधाम में किया गया पौधारोपण



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम चारभाटा में प्रेमलाल साहू और नहावन के कार्यक्रम में उनके परिवार द्वारा मुक्तिधाम में पीपल, बरगद एवं बेल का पौधारोपण किया गया। जिसमे गांव के नागरिक भिखारी राम, टीकाराम, डोमन लाल, शिवा, रामगोपाल, रोहित साहू, प्रेमलाल, सरजू साहू लोग उपस्थित थे।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


## आयोजन: जिला देवांगन समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

# समाज को शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने सक्रिय भागीदारी निभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- एकजुट होकर समाज के विकास में दें योगदान : यशवंत

प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रममंत्री लखन लाल देवांगन टाउन हॉल आयोजित जिला देवांगन समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री ने समाज के लोगों से शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवांगन समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष केदार देवांगन ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, जिला अध्यक्ष भाजपा पवन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि हमारा देवांगन समाज एक मेहनतकश समाज है। जिसका छत्तीसगढ़ राज्य व देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। देवांगन ने समाज के विकास के लिए सामाजिक एकीकरण को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि देवांगन समाज के सभी लोगों के बीच बेटी–रोटी का संबंध प्रारंभ करना बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षित एवं संगठित होकर समाज के विकास में योगदान देने की अपील की। समारोह में मंत्री देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के विकास हेतु संचालित किए जा रहे विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज हमारे प्रदेश का बागडोर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जैसे अत्यंत संवेदनशील एवं सक्षम व्यक्ति के हाथों मे सुरक्षित है। श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के कुशल नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ आज निरंतर प्रगति के सोपानों को तय कर रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने देवांगन समाज के विकास हेतु हरसंभव सहयोग देने तथा समाज के लोगों के मांगों को पूरा कराने का आश्वासन भी दिया। पवन साहू ने देवांगन समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज के विकास में योगदान देने तथा समाज के वंचित लोगों के मदद हेतु सदैव आगे रहने की अपील की। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवांगन समाज के लोगों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के मांगों की ओर मंत्री देवांगन एवं अतिथियों का ध्यान भी आकृष्ट कराया।



**बाउंड्री वाल व अतिरिक्त कक्ष के लिए मांगी राशि :** समारोह में सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी में निर्मित देवांगन समाज के सामाजिक भवन में बांउड्री वॉल निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि प्रदान करने तथा देवांगन समाज के सामाजिक छात्रावास में विद्यार्थियों के निवास हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण करने की भी मांग की गई। समाज की मांगों पर सहमति जताते हुए मंत्री देवांगन ने पूरा कराने का आश्वासन भी दिया।

# एसपी ने बालोद थाने का किया वार्षिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- दरबार लगाकर कर्मचारी–अधिकारियों की सुनी समस्याएं

पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने बालोद थाने का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर में दरबार लगाया गया, जिसमे अ नु वि भा गी य अधिकारी पुलिस देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी रविशंकर पांडे और थाने में पदस्थ कर्मचारी उपस्थित थे। इस विशेष दरबार में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बालोद में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की समस्याओं से रूबरू हुए। उनकी समस्याओं का यथासंभव सुलझाने की बात पुलिस अधीक्षक के द्वारा कही गई।

### सभी से करें मानवीय व्यवहार

थाना के निरीक्षण के दौरान थाना भवन, थाना के रजिस्टरों का संधारण , मालखाना, लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग, गुम इंसान आदि के शीघ्रातिशीघ्र निकाल पर ध्यान केंद्रित करने। पुलिस एवं जनता के बीच मधुर संबंध होने, थाना में सभी स्टाफ को थाना में आने वाले आगंतुकों, रिपोर्टरों से सही एवं मानवीय व्यवहार रखने की हिदायत दी गई।

# बंगाल में हुए हिंदुओं पर अत्याचार को हिंदू समाज नहीं सहेगा : रामबालक दास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- पखांजूर जिला कांकेर में बंगाली समाज के हिंदू संगम कार्यक्रम में गरजे रामबालक दास
- विरोध में 50 गांव के लोगों ने रखा व्यवसाय बंद

राज्य में पखांजूर बंगाली समाज का प्रमुख गढ़ रहा है। इस क्षेत्र के लगभग 50 गांव के हिंदुओं ने 29 अगस्त को अपना व्यवसाय को बंद रखा और लगभग 20000 से ऊपर की संख्या में पखांजूर में एकत्रित हुए। इस विराट सभा में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के बंगाली समाज के एवं समस्त हिंदू संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जामड़ी पाटेश्वर धाम के संचालक संत रामबालक दास अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने चिर परिचित शैली में हिंदुओं को ललकारते हुए कहा कि यदि आज नहीं जागोगे तो आगे चलकर हिंदू समुदाय की संख्या घटने लगेगी। इसलिए एकत्रित होकर आवाज उठाइये, उन्होंने बांग्लादेश को भी चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे टुकड़ों में पलने वाले हमारे एहसानों के तले दबे रहने वाले लोग यदि हम पर ही अत्याचार करेंगे तो हिंदू समाज सहेगा नहीं और उनके संपूर्ण अस्तित्व को मिटा दिया जाएगा। लव जिहाद,हिंदू धर्मांतरण एवं आदिवासी समाज को हिंदू नहीं होने के लिए बरगलाने वाले लोगों को खुली चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में समय बदल चुका है। संत श्री ने परिचय देते हुए लोगों को श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम आने का निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर चंद्रशेखर वर्मा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद भोजराज नाग भी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में छह बालिकाओं का चयन



**डौंडी।** विगत दिनों बालोद में अंडर- 17 संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालिका फुटबॉल का आयोजन किया गया था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए दुर्ग, राजनांदगांव, मानपुर - मोंहला, बेमेतरा, बालोद जिला के खिलाड़ियों का किया गया। गर्ल्स फुटबॉल क्लब डौंडी में प्रतिदिन हर मौसम में प्रैक्टिस करते हैं, उसी का परिणाम है कि अनामिका, तानिया रानी धुर्वा, शिवानी कुशवाहा, टिकेश्वरी नरेटी, कोमेंश्वरी कोमा, छमीछा रावटे छह बालिकाओं का चयन सरगुजा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह जानकारी बालिका फुटबॉल डौंडी टीम के कोच और क्लब के सेक्रेटरी सन्तु यादव ने दी।


# कौशल आधरित शिक्षा का नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण

विभिन्न स्तरों की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ेगी : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

21 वीं सदी में कौशल आधारित शिक्षा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण समग्र शिक्षा, यूनिसेफ और पाईं जेम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। जिसमें जिला भर में स्थापित उन्नत अटल प्रयोग शालाओं के नोडल शिक्षक उपस्थित थे।



प्रशिक्षण के दूसरे दिवस कलेक्टर ने नोडल शिक्षको को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण द्वारा जिला के विद्यालयों में विज्ञान, प्रोद्योगिकी, इंजिनियरिंग और गणित विषय के अध्यापन को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही इसका प्रभाव बोर्ड परीक्षा में भी पड़ेगा और विद्यालयों के परीक्षा परिणामों में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तरों के प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ेगी और उन्हें स्टार्टअप प्रारंभ करने में भी यह कार्यक्रम सहायक होगा।

### ये थे प्रशिक्षक


पाई जेम की ओर से मुख्य प्रशिक्षक आंचल, मनीष आनंद, अनुराग और सुमित थे। जिन्होंने दो दिवसीय प्रशिक्षण में नोडल शिक्षको को प्रशिक्षण प्रदान किया।







## खबर संक्षेप



### शक्ति केंद्र रजोली की बैठक

**बालोद/कलंगपुर।** शक्ति केंद्र रजोली की बैठक बरबसपुर में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर थे। प्रभारी संतोष नेताम, संयोजक मिलन साहू, सह संयोजक त्रयोदय मुकेश, सरपंच कामिनी मंडावी, दिलीप मंडावी, पूर्व सरपंच हेमशंकर साहू वामेश्वर साहू बूथ अध्यक्ष व सहित भाजपा के बरबसपुर बूथ अध्यक्ष पेंड्री चंदा साहू, मनहरण साहू, खपरी अध्यक्ष उतरा साहू, नरोतम साहू, गोविंदा बघेल, गौकरंन साहू सहित भाजपा के बहुत से कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक कर आगामी दिनों में प्रत्येक बूथ में 200 से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सभी बूथ अध्यक्ष को प्रत्येक बूथ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन द्वारा जारी नंबर पर मिस काल कर लक्ष्य को पूरा करने का आहवान किया गया है।

### पर्युषण पर्व का शुभारंभ होगा आज से

**बालोद।** पर्वाधिराज पर्व पर्युषण का समय शीघ्र ही निकट आ गया है। 31 अगस्त से पर्युषण पर्व प्रारंभ हो रहा है। जिस तरह शबरी को राम के आने का इंतजार रहता था। उसी तरह भव्यआत्माओं को पर्युषण पर्व का इंतजार रहता है। जिस तरह राजा का स्वागत होता है उसी तरह पर्वाधिराज पर्युषण पर्व का स्वागत होना चाहिए। महावीर भवन में चल रहे प्रवचन में संत ऋषभ सागर महाराज साहब ने उक्ताशय के विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा की आत्मा की शोभा बढे इसके लिए जो 11 कर्तव्य बताए गए हैं उसका पालन करना चाहिए। तप साधना के माध्यम से हमारी भाव दरिद्रता दूर होनी चाहिए और यदि ऐसा नहीं हो रहा तो यह माने की हम कहीं ना कहीं चूक कर रहे हैं।



### निधन

#### बसुंतला बाई साहू

**अंडा।** ग्राम चंदखुरी निवासी श्रीमती बसुंतला बाई साहू उम्र 74 वर्ष का 30 अगस्त को घर में निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार को छोड़कर गई हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेन्द्र साहू, रोम नाथ साहू, भूपेंद्र साहू भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य व जितेन्द्र साहू की मां थी।



// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अशोक शर्मा आ. मेघराम शर्मा निवासी सिंघदई, मोहारा चौक, तह. व जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) ने विक्रेता श्री गन्नू लाल आ. सियाराम देवांगन आयु 58 वर्ष कोष्टा निवासी ग्राम हडगहन तह. मरींबंगला देवरी जिला बालोद (छ.ग.) के नाम स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम हड़गहन प.ह.नं. 27 रा.नि.म. सुरेगाँव तह. मरींबंगला देवरी जिला बालोद (छ.ग.) में स्थित कासत्कारी भूमि खसरा नं 134/1, 209/4 हे. कुल खसरा नं. 2 रकबा क्रमशः 0.18, 0.27 कुल रकबा 0.45 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना पेटे बड़ी रकम लेकर रकम प्राप्ति की अभिस्वीकृति सौदा इकरारनामा मेरे पक्षकार के पक्ष मे निष्पादित किया हैं। केवल विक्रय विलेख के निष्पादन की उपचारिकताये शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन करा लिया जावेगा सो सूचना जाने ।

दिनांक : 30/08/2024

विनोद कुमार शुक्ला
(अधिवक्ता)
ब्राह्मण पारा, गांधी चौक,
राजनांदगांव (छ.ग.)
मो: 9424126898

## आयोजन: जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# मादक पदार्थों के अनाधिकृत व्यापार पर रोक लगाने के करें प्रभावी उपाय

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नशापान को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए जिले में मादक पदार्थों के अनाधिकृत व्यापार व्यवसाय पर रोक लगाने हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी को नशापान से दूर रखा जा सके।

■ वर्तमान व आने वाली पीढ़ी को नशापान से दूर रखने का प्रयास

कलेक्टर चन्द्रवाल स्वापक मनः प्रभावी पदार्थों का अनाधिकृत व्यवसायियों का व्यापक एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में एसपी एसआर भगत, उप पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, संचालक समाज कल्याण विभाग सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आबकारी, खाद्य, औषधि एवं ड्रग नियंत्रण विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले के दूरस्थ वन क्षेत्रों में अवैध गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खेती पर बीट गार्ड/फॉरेस्ट गार्ड के माध्यम से सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने इस संबंध में जानकारी संज्ञान में आने पर तत्काल उचित कार्रवाई करने तथा टीम के सदस्यों के साथ मिलकर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रें के चिहंकित स्थलों में नशामुक्ति के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक से जिले में संचालित नशामुक्ति केन्द्र के वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पाररास में नशामुक्ति केन्द्र स्थापित होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाररास नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती होने वालो की चिकित्सकों के द्वारा जाँचकर उनका समुचित उपचार किया जाता है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने पाररास नशामुक्ति केन्द्र में डॉक्टरों के अलावा समुचित कार्यरत होने की जानकारी दी। श्री चन्द्रवाल ने जिला आबकारी अधिकारी को जिले में गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्यमार्गों के समीप स्थित हॉटल एवं ढाबों में मादक पदार्थों की बिक्री रोकथाम सुनिश्चित कराने हेतु नियमित रूप से हॉटल एवं ढाबों की जांच कराने के निर्देश दिए।

बैठक में चन्द्रवाल ने फूड एवं ड्रग इंसपेक्टर को नशीली दवाओं के उत्पादन, विक्रय, रखरखाव आदि के संबंध में एजेंसियों के प्रतिमाह सरप्राइज जाँच करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने फूड एवं ड्रग इंसपेक्टर को जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स की नियमित जाँच करने को कहा। कलेक्टर ने उप संचालक समाज कल्याण विभाग तथा शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले हानि के संबंध में आम जनता में जागरूकता लाने हेतु नियमित रूप से नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए।



### वाहनों की जांच कर गांजा की तस्करी रोकें: एसपी

बैठक में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने भी जिले में मादक पदार्थों के अनाधिकृत व्यापार–व्यवसाय पर रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित वन विभाग के अधिकारियों को दूरस्थ वन क्षेत्रें में स्थापित वन विभाग के जांच नाकाओं में नियमित रूप से इन मार्गों से गुजरने वाली वाहनों की जांच कर गांजा इत्यादि मादक पदार्थों के अवैध तस्करी को रोकने हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शाला परिसर के आसपास भी मादक पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित कराने हेतु समुचित व्यवस्था करने को कहा। इस दौरान बैठक में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा भी जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार–व्यवसाय पर रोक लगाने के उपायों के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए।



# नवीन अस्पताल के छत की हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

50 लाख की लागत से बने नवीन अस्पताल भवन के छत की सफाई के साथ आवश्यक सुधार कार्य किया गया। सुधार कार्य के बाद छत में पानी जमा होने की शिकायत दूर हुई। वहीं स्वास्थ विभाग ने भवन को लेकर संतुष्टि प्रकट की है।

■ अब छत से पानी टपकना हुआ बंद, अस्पताल प्रबंधन ने जतायी संतुष्टि

नगर में तीस बिस्तर अस्पताल के पुराने भवन को तोड़कर डीएमएफ से 50 लाख की लागत से नवीन भवन बनाया गया है। भवन निर्माण के बाद उसकी छत में पानी के जमा होने एवं छत के दबे होने की शिकायत आई थी। बताते हैं कि इसके बाद उसका लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित हो गया था। उक्ताशय के समाचार प्रकाशन के बाद निर्माण विभाग सक्रिय हो गया था एवं ठेकेदार को तलब कर उसमे सुधार के निर्देश दिए थे।

बताया गया कि भवन निर्माण एवं रंग रोगन के बाद ठेकेदार ने छत के मलबो की सफाई नहीं की थी, जिससे छत की नालियां जाम हो गई थी, जिसके चलते छत में पानी भरने एवं छत दबने जैसे स्थिति सामने आ रही थी। समाचार प्रकाशन के बाद ठेकेदार ने छत की पूरी तरह सफाई कर उसमे आवश्यक सुधार कार्य कराया है, जिससे अब छत में पानी के रूकने की समस्या का वर्तमान में समाधान हो गया है। इधर स्वास्थ विभाग ने छत में सुधार कार्य किए जाने के बाद संतुष्टि प्रगट करते हुए विभाग का पत्र प्रेषित किया है।

आरईएस के एसडीओ मुकेश देवांगन ने बताया कि ठेकेदार ने छत की पुरी तरह सफाई कर दी है एवं छत में पानी रूकने जैसी समस्या सामने नहीं आ रही है।

**प्रतियोगिता में कालेज के खिलाड़ियों ने लिया भाग**

# रस्साकसी पुरुष और महिला वर्ग में शासकीय महाविद्यालय डौण्डी का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय खेल दिवस पर शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के क्रीड़ा विभाग के तत्वावधान में राज्य स्तरीय रस्साकसी पुरुष, महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भाजपा ज़िला अध्यक्ष बालोद पवन साहू थे। विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष अमित चोपड़ा थे। पूर्व आईएएस बीएल ठाकुर एवं पूर्व सीएमओ बालोद राम प्रसाद यादव उपस्थित थे। प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय डोंडी, डौंडी लोहारा, अर्जुन्दा, दल्लीराजहरा, गुरूर, खेरथा, धमतरी एव भिलाई के विभिन्न कालेज के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय डौण्डी, द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय खेरथा, तृतीय स्थान शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद को मिला। महिला वर्ग में प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय डौण्डी, द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय बालोद एव तृतीय शासकीय महाविद्यालय खेरथा रहा। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को भविष्य मे आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया और एक अच्छा स्वस्थ अनुशासित नागरिक कैसे हम बन सकते हैं, इसके लिए प्रेरित किया। क्रीड़ा अधिकारी बालोद मनीष टोप्पो द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन सभी को फिटनेस से लेकर जीवन में जुड़े इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। सभी को सक्रिय तौर पर खेलों में हिस्सा लेने के लिए कहा।

### अतिथियों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ.जे.के खलखो, डीआर वैद्य, सीडी मानिकपुरी, जसराम नायक, लोमन टण्डन, सुनीता जोशी, ऋतु पिस्दा द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रो.जीएन खरे द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों, विभिन्न कॉलेज से आए क्रीड़ाधिकारी, कर्मचारियों एवं विद्यार्थिओं का आभार व्यक्त किया गया।

**एक माह पहले टेंट में लगे लोहे के पोल में करंट आने पर गई थी जान**

# करंट से बच्ची की मौत पर टेंट संचालक सहित दो पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

टेंट में लगे लोहे के पोल में करंट प्रवाह होने उसकी चपेट में आने से एक 6 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत के एक माह बाद टेंट संचालक व उनके एक साथी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

कोतवाली पुलिस ने मनीष साहू व नारायण यादव के खिलाफ 106(1), 125, 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 14 जुलाई 2024 को ग्राम निपानी में ग्राम पंचायत के पास शिवलिंग स्थापना पूजा कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान रामायण कार्यक्रम के लगे पण्डाल में जहाँ पर लोहे का पोल एवं उस पर कपड़े का टेंट लगा था। जिस पर बिजली मिस्त्री मनीष साहू एवं नारायण यादव द्वारा लाइट की व्यवस्था के लिए पंडाल में लोहे के पोल में बिजली एवं साऊण्ड बाक्स के लिए तार को लपेटकर करंट प्रवाह के लिए मनीष साहू तार को लेकर मुख्य बिजली खंभे में चढ़कर बिजली करंट के लिए तार को जोड़ने लगा। नीचे पंडाल में नारायण यादव करंट को चेक कर रहा था। पंडाल में लगे तार कटा–फटा होने से करंट टेंट के लोहे के पोल में आ गया, जहाँ पर मोनिका साहू 6 साल खेल रही थी। उसने टेंट के लोहे के पोल को छुआ तो करंट लग गया, जिससे वह घायल हो गई थी। लोगों द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल बालोद ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।




**लापरवाही बरतने वालों में मामला दर्ज :** परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने लापरवाही बरतने वालों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार यदि मनीष साहू एवं नारायण यादव दोनों रामायण कार्यक्रम में रात्रि में प्रकाश व्यवस्था के लिए चेक कर या अच्छी किस्म का तार बिजली पोल से जोड़ते तो यह घटना नहीं घटती। मनीष साहू एवं नारायण यादव द्वारा अपने कार्य को उतावलेपन एवं उपेक्षापूर्वक करने से मोनिका साहू को बिजली करंट लगने से मृत्यु होना पाया गया है।

# स्थास्थ्य कैंप में लगातार बढ़ रहे मरीज, दूसरी तरफ डायरिया को बढ़ावा देने गंदा पानी सप्लाई की जारी

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कुसुमकसा

क्षेत्र में लगाएं गए स्वास्थ्य कैंप में डायरिया पीड़ितों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही। दूसरी तरफ डायरिया को बढ़ावा देने के लिए गंदे पानी की सप्लाई लोगों के घरों में की जा रही है।

■ विभागों की लापरवाही से ग्रामीणों की जान संकट में

जानकारी के अनुसार 29 अगस्त को एक उल्टी दस्त से पीड़ित मरीज को उपचार हेतु अस्थाई स्वास्थ्य कैंप में पहुंचने से ऐसा लगा की उक्त बीमारी पर काबू पा लिया है। उक्त दिवस की रात्रि में बुधीया बाई (40वर्ष ) पीड़ित ग्रामीण को समुचित उपचार के लिए चिखलाकसा अस्पताल रिफर किया गया। 30 अगस्त शुक्रवार को समाचार लिखे जाने तक दस्त की एक नई मरीज 65 वर्षीय गिरजा बाई को दस्त होने पर अस्थाई स्वास्थ्य कैंप लाया गया, जहां उनको ग्लूकोज चढ़ाकर उपचार चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम 8-8 घंटे की शिफ्ट के हिसाब से 24 घंटे कैंप में सेवा दे रही है।



डायरिया जैसी गंभीर बीमारी को रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कितने मुस्तैद हैं, यह ग्राम पंचायत कुसुमकसा में देखने को मिल रहा है। ग्राम के एक छोर में डायरिया का प्रकोप चल रहा है तो दूसरे छोर में डायरिया को निमंत्रण देने जैसा कार्य हो रहा है। ग्राम पंचायत की नलजल योजना के पुरानी पानी टंकी से पाइप लाइन के माध्यम से पानी सप्लाई तो चालू है किंतु काली मंदिर जाने वाली सड़क के किनारे खोरबहारा धनकर के घर पास बनाया गया वाल चेंबर का गड्ढा के समीप खोरबहरा धनकर के घर का सेप्टी टैंक बना हुआ है। वाल चेंबर पर पानी सप्लाई चालू होने पर पाइप में पानी रिसाव होने से चेंबर के लिए बनाए गड्ढे में पानी भर जाता है। पानी सप्लाई बंद करने के बाद गड्ढे में भरा पानी धीरे धीरे खाली हो जा रहा है।

### नल से आ रहा गंदा पानी

काली मंदिर के पास रहने वाले संतु राम रावटे,रोहित मसिया ने बताया की नलजल योजना के नल से गंदा पानी आ रहा है। वाल चेंबर के गड्ढे में पानी भर जा रहा है, जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत में अनेकों मर्तबा की किंतु आज पर्यंत तक कोई सुधार कार्य नहीं हो पाया है। मुहल्लेवासियों में नलों से गंदा पानी आने से मौसमी बीमारी उल्टी दस्त का खतरा बन गया है। ग्राम के क्रांति चौक, शिवनगर,पिस्दा पारा में प्रदूषित पानी के सेवन से ही ग्रामीणों को उल्टी दस्त की बीमारी से जूझना पड़ रहा है। जहां आज भी डायरिया का प्रकोप जारी है।

### निर्माण श्रमिकों को करना होगा पंजीयन का नवीनीकरण

**बालोद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माण श्रमिक 31 दिसंबर तक पंजीयन का नवीनीकरण करा सकते हैं। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है। उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु अब तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे निर्माण श्रमिक 31 दिसंबर तक पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर 2024 के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा।

# राज्य सरकार स्कूलों में बढ़ाए संसाधन रिक्त पदों पर शिक्षकों की हो भर्ती: संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रदेश की भाजपा सरका द्वारा स्कूलों में प्रयोग करना बंद करना चाहिए। शिक्षा के स्तर में सुधार के साथ स्कूलों में संसाधनों की व्यवस्था पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। प्रदेश सरकार युक्तियुक्तकरण का खेल बंद करे एवं रिक्त पदों पर तत्काल शिक्षकों की भर्ती करे। उक्त बातें विधायक संगीता सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि विभिन्न शिक्षक संगठन लगातार उनसे मिलकर युक्तियुक्तकरण को बंद करने की मांग कर चुके हैं। मुख्यमंत्री से मिलकर शिक्षकों की भावना से अवगत कराएंगी। युक्तियुक्तकरण से शिक्षा का स्तर प्रभावित होगा। शिक्षा विभाग पहले ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। युक्तियुक्तकरण कर स्कूलों में शिक्षकों की संख्या और कम कर दी जाएगी। स्कूलों में एक शिक्षक पहले ही शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी बनाने में व्यस्त रहता है। ऐसे में और शिक्षक कम होने से शिक्षा का स्तर प्रभावित होगा। दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की दूरियां अधिक होने से बच्चे पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं। ऐसे में कम दर्ज वाले स्कूलों को मर्ज करने से वे स्कूल बंद होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की दूरी अधिक हो सकती है। जिससे बच्चे चाहकर भी पढ़ाई आगे नहीं कर पाएंगे।



■ प्रदेश की भाजपा सरकार स्कूलों में प्रयोग करना बंद करें

**अन्याय नहीं सहेंगे, पुरजोर विरोध करेंगेः** विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से बेरोजगारी बढ़ेगी। शिक्षकों की नवीन भर्ती नहीं होगी। अतिशेष शिक्षकों को अन्यत्र स्थानांतरण की स्थिति निर्मित होगी। जिससे पदस्थ शिक्षक भी प्रभावित होंगे एवं बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर कम होंगे। किसी भी स्थिति में बच्चों एवं शिक्षकों तथा बेरोजगारों के हितों के साथ अन्याय नहीं सहेंगे, इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

# कन्या आश्रम की छात्राओं की बिगड़ी तबियत

**कुसुमकसा।** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदिवासी कन्या आश्रम कुसुमकसा में अध्ययनरत आदिवासी छात्राओं को दो-तीन दिन से दस्त होने की शिकायत पर छात्रावास अधीक्षक द्वारा बच्चों के पालकों को सूचना देकर लगभग 15 बच्चों को छुट्टी दे दी गई। जिसमें लिलेश्वरी/ कुंभकरण गोंड कक्षा सातवी जमही कुमारी दिव्या कक्षा आठवीं ग्राम जुनवानी, साक्षी कक्षा आठवीं कोटागांव, सीमा कक्षा आठवीं कोटागांव, अंजिता कक्षा आठवीं हथरा, काजल कक्षा सातवीं अरमुरकसा, अंजली कक्षा सातवीं अरमुरकसा, दीपशिखा कक्षा सातवीं अरमुरकसा, भावना कक्षा सातवीं अड़जाल, कावेरी कक्षा सातवीं अड़जाल, ओमिका कक्षा सातवीं अड़जाल, रूबी कक्षा छठवीं, मोनिका कक्षा छठवीं को उसके परिजन अपने घर ले गए हैं। कुछ पालकों ने बताया कि छात्रवास अधीक्षक द्वारा मोबाइल पर सूचना दी गई की आपके बच्चे की तबियत खराब है आप आकर ले जाएं। दस्त से पीड़ितों की संख्या लगभग 25-30 तक पहुंचने की जानकारी मिल रही है। छात्रावास अधीक्षिका अंजली ने बताया कि मितानिनों द्वारा दी गई दवाइयां बच्चों को दी गई है। दस्त से पीड़ित बच्चों के आश्रम में रहने से दूसरे बच्चों को संक्रमण ना फैल जाए इसलिए छुट्टी दे दी। पवारा बाई पूर्व सरपंच ने कहा माता पिता को बुलाकर घर ले जाने की छुट्टी देना समझ से परे है। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि बच्चो को हो रहे दस्त का बिना उपचार कराए उनके घर भेज देना समझ से परे है। श मेनका चंद्राकर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने कि हरिभूमि के माध्यम से कन्या आश्रम कुसुमकसा के बच्चों को दस्त होने से छुट्टी दिए जाने की जानकारी मिली है, जांच कराएंगे।

■ अधीक्षक ने पालकों को फोन पर दी जानकारी, परिजनों ने बच्चों को ले गए घर

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

31082024-Isp-03_Layout 1 8/31/2024 12:09 AM Page 1



## कार्रवाई: शिकायत पर ग्राम पंचायत खपरी भोथीपार में तोड़ा गया

# जिला प्रशासन व राजस्व अमले ने 17 लोगों का अतिक्रमण को हटाकर जमीन को कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत खपरी भोथीपार में अवैध कब्जे को लेकर जिला प्रशासन व गुण्डरदेही राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। 17 लोगों का अतिक्रमण हटाकर जमीन को मुक्त करा लिया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की थी।

■ कब्जाधारियों ने गांव में भी बना रखा था मकान

उल्लेखनीय है कि ग्राम खपरी में पूर्व सरपंच द्वारा 17 लोगों को आबादी के साथ पट्टा बांटा गया था। जिसका ले आउट भी नहीं किया गया था। ग्रामीणों ने उक्त आबादी को अवैध बताया गया था, जिसके बाद ग्रामीणो ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई थी। ग्रामीण की शिकायत को लेकर कलेक्टर ने गुण्डरदेही अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था।

जिस पर शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार एसडीओपी व पुलिस प्रशासन की टीम खपरी पहुंचकर अवैध कब्जाधारियों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। तहसीलदार ध्रुव ने बताया कि ग्रामवासी की उपस्थिति में मौका जांच कर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। 17 लोगों का अतिक्रमण प्रारंभिक स्थिति में था। सभी का मकान ग्राम में पहले से स्थित है। जिसमें सभी निवासरत हैं। कलेक्टर के आदेश के बाद जमीन को कब्जा से मुक्त कराने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।



**इन कब्जाधारियो पर हुई कार्रवाई**

विष्णु प्रसाद, चोवाराम, सखाराम, शिव कुमार, सुखनंदन, छन्नूलाल, भरोसा राम, बंशीलाल, खिलावन, पुरानिक, युगलकिशोर, मेहतरु, भोजराज, श्रवण,रमेश कुमार, रामहू, सुरेन्द्र कुमार पर कार्रवाई की गई।

# किरण के परिजन और सुदर्शन को सीएम ने किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य खेल अलंकरण समारोह में विभिन्न खेल विधाओं के प्रतिभावान खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। समारोह में मुख्यमंत्री साय ने बालोद जिले की फुटबॉल खिलाड़ी किरण पिस्दा की अनुपस्थिति में उनके परिजनों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान वर्ष 2021–22 और एथलेटिक्स के प्रशिक्षक सुदर्शन कुमार सिंह को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार वर्ष 2021–22 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले की प्रभारी खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर उपस्थित थी।

■ राज्य खेल अलंकरण समारोह में किया सम्मान

# भाजपा सदस्यता अभियान के लिए शक्तिकेन्द्र में बैठक



**गुरूर।** भाजपा के सदस्यता अभियान 2024 के लिए गुरुर शक्तिकेन्द्र में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, गुरुर शक्तिकेन्द्र संयोजक पन्ना लाल साहू, सह संयोजक ऋषि सिन्हा, चंदन सिन्हा, कुंती सिन्हा, मधुसूदन सोनवानी, जितेश्वरी निषाद, लता साहू, मुरली चौधरी, रामेश्वरम लावतरे, एसबी साहू, पार्षद शोभित ओझा, भागवत यादव, आनंद शर्मा उपस्थित थे।






31082024-Isp-04_Layout 1 8/31/2024 12:07 AM Page 1



## गणेश प्रतिमाओं को मूर्तिकार अंतिम रूप देने में जुटे




डौंडीलोहारा। गणेश चतुर्थी 7 सितंबर को घरों के साथ पंडालों के विराजेंगे। बच्चों द्वारा अब घर घर जाकर चंदा एकत्रित करने का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। मूर्तिकारों द्वारा दो-तीन माह से मूर्ति निर्माण किया जा रहा है। अब उनके द्वारा मूर्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संजय नगर निवासी मूर्तिकार टेकराम पांडे ने बताया कि बड़ी मूर्ति सिर्फ ऑर्डर पर ही बनाई जाती है। छोटी मूर्ति बिक्री के लिए उपलब्ध है। अब रेडीमेड मूर्तियों का चलन भी चल पड़ा है। मूर्तिकारों के पास मूर्ति खत्म हो जाने से लोगों को मूर्ति के लिए भटकना पड़ता था। लेकिन अब बाजार में रेडीमेड मूर्ति भी उपलब्ध है। हरीश जनरल स्टोर के संचालक हरीश निषाद ने बताया कि हमारे पास 151 रुपए से लेकर बारह, तेरह सौ रुपए तक की गणेशजी की आकर्षण मूर्ति उपलब्ध है। खास बात यह है कि यह सब मिट्टी की बनी मूर्ति है।

## खबर संक्षेप



### अमरीकला कालेज में हुई खेल प्रतियोगिता

**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जयंती व राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़ एवं रस्सा खींच प्रतियोगिता आयोजित किया गया। खेलकूद में महाविद्यालय के बहुत से छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। खेलकूद के दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. यशवंत साव, डॉ. आशीष द्विवेदी, कमलेश्वर साहू, वंदना ध्रुव, अंजनी पैंकरा, ममिता साहू, डॉ. आशावरी हिरवे, सुमन कश्यप, दीक्षा पांडे, मयंक कुमार साहू, योगेश कुमार साहू व महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### विस अध्यक्ष रमन आज कुरदी के प्रवास पर रहेंगे

**बालोद।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 31 अगस्त को जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ग्राम कुरदी में शाम 4 बजे 111 फीट राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज एवं वीर सपूत उद्यान का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष शाम 4.45 बजे ग्राम कुरदी से राजनांदगांव के लिए प्रस्थान करेंगे।

### क्लीनिक से मोबाइल पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मोहन नगर थाना अंतर्गत रेलवे अंडर ब्रिज के पास स्थित एसआर गोदवानी क्लीनिक से मोबाइल चोरी हो गया। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 ए के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ताईशा गोदवानी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। उसने बताया कि वह पेश को चिकित्सक है। उसके पिता भी चिकित्सक हैं। उनकी अंडर ब्रिज के पास क्लीनिक है। 27 अगस्त की दोपहर 10 बजे वे क्लीनिक गए। उन्होंने लेने के लिए ताईशा दोपहर 12 बजे क्लीनिक पहुंची। तब उन्होंने बताया कि टेबल में रखा मोबाइल गायब है। इसके बाद ताईशा ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

### साक्षरता सप्ताह 1 से

**भिलाई।** देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन 1 से 8 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा व साक्षरता पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। साक्षरता का समापन 8 सितंबर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

### कलेक्टर ने नवोदय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# छात्रों की सभी गतिविधियों में हो समुचित भागीदारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर एवं नवोदय विद्यालय प्रबंध समिति दुधली के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक ली। बैठक में चन्द्रवाल ने विद्यालय के शैक्षणिक क्रियाकलाप, प्रवेश की प्रक्रिया, विद्यालय परिसर में चल रहे अधोसंरचना से जुड़े कार्य, विद्यार्थियों के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उपलब्ध कराई जा रही सुविधा आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए इसके लिए जिले के विद्यार्थियों की पंजीयन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु जिले के विद्यार्थियों के अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु पालकों एवं विद्यार्थियों में इसका समुचित प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। जिससे कि जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थी शामिल हो सके। बैठक में चन्द्रवाल ने जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों का विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने विद्यालय के बच्चों का राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी, खेल एवं अन्य गतिविधियों में भागीदारी के संबंध में जानकारी लेते हुए विद्यार्थियों का इन सभी गतिविधियों में समुचित भागदीरी सुनिश्चित कराने को कहा चन्द्रवाल ने जवाहर नवोदय विद्यालय में पेयजल एवं दैनिक उपयोग के अन्य कार्यों के लिए पानी की समुचित उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने एसडीएम शिवनाथ बघेल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### व्यवस्थाओं की लिया जायजा

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं पालकों के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इसके अंतर्गत उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय के शैक्षणिक परिसर में भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान लैब, कम्प्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास रूम, संगीत अध्ययन शाला आदि के अलावा कक्षा 12वीं विज्ञान, कक्षा 10वीं एवं 9वीं कक्षाओं में पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने भोजन कक्ष में अधिकारियों के साथ भोजन कर विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली भोजन की गुणवत्ता परख कर भोजन व्यवस्था की सराहना की। जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में कलेक्टर चन्द्रवाल एवं एसडीएम शिवनाथ बघेल ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया। जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा अतिथियों के स्वागत में सुमधुर गीत की भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य साधना अनुपम दलेला, उप प्राचार्य एनपी नामदेव सहित, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के अलावा पालक प्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिका एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार बाइक चलाना युवक को पड़ा महंगा, पुलिस ने काटा 6400 का चालान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में खतरनाक तरीके से तेज रफ्तार में बाइक चलाना एक युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने लापरवाह युवक पर 6400 रुपएकी चालानी कार्यवाई की है। अगर आप भी तेज रफ्तार में बाइक चलाते हैं, जिससे सड़को पर चलने वाले अन्य राहगीरों को परेशानी होती है या दुर्घटना होने की संभावना होती है।

■ चालकों से खुद को सुरक्षित रखते, दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की

ऐसे स्थिति में आप इनसे सबक ले लीजिए, क्योंकि अब पुलिस द्वारा सड़कों पर ऐसे लापरवाह चालको के खिलाफ कड़ी कार्यवाई करने शुरू कर दिए हैं। पुलिस ने बाइक चालकों को खुद सुरक्षित रहने व दूसरे की सुरक्षा का भी ध्यान रखने की अपील की है।

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद देवांश सिंह राठौर एवं थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय को खतरनाक ढंग से बाइक चलाने वाले युवकों के खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही थी। शुक्रवार को खतरनाक ढंग से बाइक चलाने वाले सौरभ यादव 22 साल के विरूद्व 6400 रुपए की चालानी कार्रवाई की है। पुलिस ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही बालोद पुलिस ने अपील की है कि मोड़ीफाइड वाहन व ओवर स्पीड खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएं। यातायात नियमों का पालन करें।

# भविष्य संवारने के लिए खेल में स्पर्धा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह में शामिल हुए कलेक्टर



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जीवन के अन्य क्षेत्रों की भांति खेल के क्षेत्र में भी हमारे युवाओं के सामने भविष्य निर्माण की असीम संभावनाएं है।

उन्होंने कहा कि चाहे वह अर्थोपार्जन की दृष्टि से हो या जीवन में ख्याति अर्जित करने की बात हो, वर्तमान समय में हम नवयुवकों के सामने खेल के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल आज बालोद विकासखण्ड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कन्नेवाड़ा में जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला हॉकी संघ बालोद के तत्वावधान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह में अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। चन्द्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक श्री एसआर भगत ने किया। कार्यक्रम में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष तोमन साहू, ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर सद्भावना हॉकी मैच का भी आयोजन किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने हॉकी खेलकर सद्भावना मैच का शुभारंभ किया। अतिथियों ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन भी किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने हॉकी के जादूगर स्व. मेजर ध्यानचंद के विलक्षण, अप्रतिम प्रतिभा पर प्रकाश डालते हुए उन्हें खिलाड़ियों एवं युवाओं का रोल मॉडल बताया। उन्होंने बालोद जिले को खेल का उर्वरा भूमि बताते हुए आशा व्यक्त किया कि हमारे जिले के नवयुवक राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताओं में अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए हमारे जिले एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

# बच्चों को खिलाई गई एलबेंडाजोल की गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



विकासखंड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 1 से 19 साल तक के बच्चों और किशोरों को स्कूलों आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से एलबेन्डाजोल की गोली खिलाई गई।

■ मड़ियाकट्टा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया

इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य कृमि संक्रमण को नियंत्रित करना और बच्चों के पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास को सुनिश्चित करना है। प्रधानपाठक पिकेश्वर ने बच्चों को बताया कि कृमि नियंत्रण की दवाई की कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं। कृमि संक्रमण के कारण बच्चों के शरीर और दिमाग का पूर्ण विकास नहीं हो पाता, जिससे कुपोषण का शिकार खून की कमी और लगातार थकावट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है। इसी वजह से 1 से 19 वर्ष के बच्चों को यह दवाई खिलाई जाती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नाखून साफ रखने,स्वच्छ शौचालय का प्रयोग करने ,खाने से पहले और शौच जाने के बाद साबुन से हाथ धोने,साफ और शुद्ध पानी पीने के लिए डंडी वाले मग का उपयोग करने,और कृमि संक्रमण से बचने के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और उसके विकास को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, भूमिका मोवाड़े सहित बच्चे उपस्थित रहे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

# पीएम आवास के लिए हितग्राही ग्रामसभा में करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



छत्तीसगढ़ सरकार आवासहीन, कच्चे मकान धारकों को प्रधानमंत्री आवास के लिए ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन कर रही है। पात्र जरूरतमंद ग्रामीण ग्रामसभा में जाकर अपने आवास के लिए आवेदन दे एवं अपना नाम दर्ज कराए। उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कही। वे एक दिवसीय प्रवास पर नगर पहुंचे हुए थे।

उन्होंने चर्चा में बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार पात्र जरूरतमंद हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान देने के लिए प्रतिबद्व है। इस दिशा में वह लगातार कार्य भी कर रही है।

वर्तमान में ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन हो रहा है, ग्राम सभाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्व के चरणों में छूटे हितग्राही अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि जहां ग्रामसभा हो चुकी है, वहां पात्र हितग्राही ग्राम पंचायत में जाकर अपना आवेदन जमा करें, ग्राम पंचायत उसकी प्रक्रिया पूरी कर आवेदनों को संबंधित विभाग को भेजेगी। पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने बताया कि जिस परिवार के पास पक्का मकान नहीं है, एक दो कमरों का कच्चा मकान है, वह ग्रामसभा में जाकर आवेदन करें। प्रदेश की भाजपा सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि कोई भी पात्र हितग्राही, जरूरतमंद, प्रधानमंत्री आवास योजना से छूटे नहीं। इसके लिए हितग्राहियों को भी आगे आकर आवेदन देना है।

उन्होंने कहा जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान देकर पात्र हितग्राहियों के हित में कार्य करें, जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप पात्र जरूरतमंद हितग्राही को पक्का आवास मिल सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर